## कार्यालय प्राचार्य, शासकीय एम.एम.आर. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चाम्पा (छ.ग.)
## जिला :– जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

# –: छात्रवृत्ति सूचना :–

चांपा दिनांक – 13.08.2026

महाविद्यालय में नियमित रूप से अध्ययनरत् **अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग** के छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता हैं कि **सत्र 2026–27** हेतु **पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति** ऑनलाईन आवेदन फॉर्म भरना प्रारंभ हो चुका है। जिसके अंतर्गत नवीन/नवीनीकरण छात्रवृत्ति ऑनलाईन फार्म भरने के पश्चात् आवदेन फार्म की हार्ड कॉपी को निम्नलिखित आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ **दिनांक 20.09.2026** तक महाविद्यालय में निम्नांकित कर्मचारियों के पास अनिवार्य रूप से जमा करें। विलंब की स्थिति में संबंधित छात्र/छात्रा स्वयं जिम्मेदार होंगे।

छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए स्वयं के बचत खाता का Active होना एवं आधार सीडेड होना अनिवार्य है एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के विद्यार्थियों को OTR की प्रक्रिया करना अनिवार्य है, अन्यथा छात्रवृत्ति आवेदन भरा नहीं जा सकेगा।

| क्र. | वर्ग | अधिकारी कर्मचारी का नाम | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | **अनुसूचित जाति वर्ग** (समस्त कक्षाओं के छात्र/छात्रा) | श्रीमती आशा उरावं | रसायनशास्त्र विभाग |
| 2 | **अनुसूचित जनजाति वर्ग** (समस्त कक्षाओं के छात्र/छात्रा) | श्री एच.पी. पैकरा | भौतिकशास्त्र विभाग |
| 3 | **अन्य पिछड़ा वर्ग** (समस्त कक्षाओं के छात्र/छात्रा) | श्री रंजीत सिंह | शुल्क/कम्प्यूटर शाखा |

**आवश्यक दस्तावेजों की सूची** :–

1. 10वी, 12वी एवं अंतिम कक्षा उत्तीर्ण की अंकसूची की स्वप्रमाणित फोटोकापी।
2. आधार कार्ड की स्वप्रमाणित फोटोकापी।
3. वर्तमान वर्ष का आय प्रमाण पत्र मूल प्रति (केवल Fresh विद्यार्थियों के लिए)। नवीनीकरण हेतु पिछले साल का आय प्रमाण पत्र संलग्न करें।
4. स्थाई जाति/निवास प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित फोटोकापी (अस्थाई जाति/निवास प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं होगा)
5. बैंक पास बुक की फोटोकापी (जिसमें अकाउंट नम्बर एवं IFSC नम्बर स्पष्ट रूप से दिखे)
6. आधार सीडिंग स्टेटमेंट की स्वप्रमाणित फोटोकापी।
7. बैंक में वर्तमान लेन–देन स्टेटमेंट की फोटोकापी।
8. एक पासपोर्ट साइज फोटो आवेदन फार्म के साथ।
9. वर्तमान सत्र प्रवेश रसीद की स्वप्रमाणित फोटोकापी।

13.8.2026

(डॉ. एच.पी. खैरवार)
प्राचार्य
शास. एम.एम.आर. स्नातको. महाविद्यालय चाम्पा (छ.ग.)

PRINCIPAL
Govt. Post Graduate College
CHAMPA (C.G.)

टीप :– OTR पंजीयन की प्रक्रिया संलग्न है। साथ महाविद्यालय की website मे भी अपलोड किया गया है।

D:\Office files\suchana.doc

- 659 -


# एक बार पंजीकरण (ओ.टी.आर.)

जिले में संचालित सभी शासकीय/अशासकीय संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थी जो ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कालेज स्तर) की पात्रता रखते है को भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देश के अनुसार **एक बार पंजीकरण (ओ.टी.आर.)** की अनिवार्यता इस वर्श से प्रारम्भ कर दी गई है।


## OTR (One Time Registration)

अ– सर्व प्रथम ओ.टी.आर. पंजीयन हेतु मोबाईल में नीचे दर्शित दोनों एप्लीकेशन इंस्टाल होना आवश्यक है :–

1) **Download and install NSP OTR App from Google Play Store.**




2) **Download and install the Face RD App from Google Play Store.**





3) **Complete the face-authentication using option "eKYC with FaceAuth' on NSP OTR Mobile App.**

ब– ओ.टी.आर. पंजीयन हेतु निम्नानुसार दस्तावेज/जानकारी आवश्यक है :–


अ.– आधार कार्ड/नंबर,
ब.– मोबाईल नंबर जो आधार से लिंक हो,
स.– बैंक खाता जो आधार से सीडिंग हो,

## // प्रक्रिया //

01— अपने माबाईल में इंस्टाल एप्प **NSP OTR App** खोल लेवें,





02— **Register** बिन्दु पर जाए,





आवश्यक निर्देशों को पढ़कर नीचे चेकबाक्स में टीक कर **Next** बिन्दु पर क्लिक करें


03— दुसरे चरण में आधार से लिंक मोबाईल नंबर दर्ज करे, दर्ज मोबाईल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होगा, निर्धारित स्थान पर ओटीपी दर्ज करें, नीचे केप्चा दर्ज कर वेरिफाई करें।





04— तीसरे चरण में आधार नंबर दर्ज करे, मोबाईल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होगा, निर्धारित स्थान पर ओटीपी दर्ज करें, नीचे केप्चा दर्ज कर **Next** बिन्दु पर क्लिक करें।




05– आधार बैंक से सीडिंग है या नहीं का संदेश प्राप्त होगा।




06– चौथे चरण में आधार की जानकारी प्राप्त होगी जो कि पूर्व से दर्ज है, केवल माता का नाम, पिता का नाम एवं अपना ई–मेल पता दर्ज करें, नीचे केप्चा दर्ज कर **Finish** बिन्दु पर क्लिक करें।






07– पंजीयन का कार्य पूर्ण करने के बाद एक **Registration No.** प्राप्त होगा।




प्राप्त **Registration No.** को सुरक्षित कर लें।



08– पंजीयन का कार्य पूर्ण करने के बाद **eKYC by FaceAuth** बिन्दु पर जाए, जिसमें आपके चेहरे का सत्यापन किया जाना है। ब. में पूर्व में प्राप्त **Registration No.** को दर्ज करें।

| अ. | ब. |
|---|---|
|  |  |







09– स. बिन्दु में आपका **Profile Details** दिखाई देगा जिसे **Proceed** करे। द. बिन्दु के चेक बाक्स में टीक लगाकर **Proceed** करे।

| स. | द. |
|---|---|
|  |  |

10— इ. बिन्दु से आपका **Face** का सत्यापन किया जावेगा, जिसमें ध्यान देवें की गोले का रंग हरा होने दे एवं ऑखों को खोले और बंद करें ताकि सत्यापन का कार्य सही हो सके। फ. सत्यापन का कार्य पूर्ण हो जाने पर आपको ओ.टी.आर. नंबर प्राप्त हो जावेगा।

<table>
<tr><th>इ.</th><th>फ.</th></tr>
<tr><td>
</td><td>
</td></tr>
</table>

01— प्राप्त ओ.टी.आर. नंबर सुरक्षित रख लेवें। यही ओ.टी.आर. नंबर जब आपके द्वारा ऑनलाईन छात्रवृत्ति हेतु आवेदन भरा जावेगा तब दर्ज करना होगा।

02— भारत भाासन के निर्देशानुसार बिना ओ.टी.आर. नंबर के आवेदन किया जाना संभव नही है।

03— उक्त प्रक्रिया अंतर्गत जिनका आधार सीडिंग नहीं है वे विद्यार्थी भी ओ.टी.आर. नंबर प्राप्त कर सकते है। परन्तु छात्रवृत्ति आवेदन भरने से पूर्व संचालित बैंक खाता को आधार से सीडिंग निश्चित ही करा लेवें अन्यथा छात्रवृत्ति हेतु आवेदन नहीं किया जा सकेगा।

04— ओ.टी.आर. की प्रक्रिया सभी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्याथियों के लिये आवश्यक है।